## महत्वपूर्ण एवं खास

### टाटा एस की ठोकर से स्कूटी सवार युवती की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** गगन अस्पताल के पास टाटा एस वाहन ने स्कूटी सवार युवती को ठोकर मार दिया। जिससे घायल युवती की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में डीडीनगर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका नरगिस कुरैशी 22 वर्ष अश्वनी नगर की रहने वाली थी। बताया जाता है कि नरगिस एक्टिवा से कहीं जा रही थी, तभी गगन अस्पताल के पास टाटा एस क्रमांक सीजी 04 पीएच 9372 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को ठोकर मार दिया था। जिससे गंभीर रूप से घायल नरगिस की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में डीडीनगर पुलिस ने टाटा एस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### निगम ने स्वीट वेलकम फ्रुट जोन में गंदगी मिलने पर 1500 का किया जुर्माना

**रायपुर (आरएनएस)।** जनशिकायत मिलने पर नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही एवं नगर निगमजोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के निर्देशानुसार नगर निगम जोन क्रमांक 9 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू, जोन स्वच्छता निरीक्षक महेंद्र कलिहारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में जोन 9 के तहत कुशभाऊ ठाकरे वार्ड नम्बर 7 के सड्डू क्षेत्र में वेलकम फ्रुट जोन में वस्तुस्थिति की जानकारी लेने आकस्मिक निरीक्षण कर सफाई को प्रत्यक्ष देखा। वहां स्थल निरीक्षण के दौरान गन्दगी से सम्बंधित जनशिकायत सही पायी गयी। स्थल पर सम्बंधित दुकान के संचालक को भविष्य के लिये कड़ी चेतावनी देते हुए तत्काल 1500 रूपये का जुर्माना किया गया एवं सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये गये एवं जोन के स्तर पर प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया गया।

### रायपुर-बिलासपुर के यात्री होंगे परेशान, कई ट्रेनें रद्द

**रायपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर समेत अन्य जिलों के यात्रियों को मुंबई और हावड़ा आने-जाने में परेशानी होगी। रायपुर रेल मंडल से मिली जानकारी के मुताबिक, 31 मई को हावड़ा से चलने वाली ट्रेन नंबर 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरंतो एक्सप्रेस और दो जून को सीएसएमटी से चलने वाली ट्रेन नंबर 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस रद्द रहेगी। साथ ही 16 मई से 31 मई तक हावड़ा से चलने वाली ट्रेन नंबर 12810 हावड़ा-सीएसएमटी सुपरफास्ट मेल एक्सप्रेस गंतव्य से पहले दादर स्टेशन में समाप्त होगी। जबकि 18 मई और 31 मई को हावड़ा से चलने वाली ट्रेन नंबर 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी। 31 मई को हावड़ा से चलने वाली ट्रेन नंबर 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी। 31 मई और एक जून को गोंदिया से चलने वाली ट्रेन नंबर 12106 गोंदिया-सीएसएमटी एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी।

### युवक से 20 लाख की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** वी एक्सप्रेस कोरियर कार्गो रावाभाठा खमतराई में 20 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रोहित कुमार सिंह 38 वर्ष शिवानंद नगर सेक्टर 1 खमतराई का रहने वाला है। प्रार्थी वी एक्सप्रेस कोरियर कार्गो नाम से कंपनी का संचालन करता है। बताया जाता है कि मोबाइल क्रमांक 77710-66643 के धारक ने प्रार्थी को वाट्सअप कर एग्रीकल्चर प्रोडक्ट का शेयर ट्रेडिंग कराने के नाम पर 2 बार में 20 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी किया।

# समर कैम्प से छपोरा के बच्चों की प्रतिभा में आया निखार

**छपोरा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में समर कैम्प आयोजित**

रायगढ़






छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ग्रीष्म अवकाश में बच्चों को शैक्षणिक संस्थानों/शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़े रखने तथा विभिन्न क्रियाकलापों से उनके मनोरंजन के साथ-साथ समय का सही सदुपयोग करने के उद्देश्य से स्कूलों में समर कैम्प आयोजित करने के निर्देश प्रसारित किये गये है।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में विकासखण्ड पुसौर के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में समर कैम्प विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पुसौर दिनेश कुमार पटेल एवं विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक शैलेन्द्र कुमार मिश्रा के देखरेख एवं संकुल प्राचार्य विजय कुमार साव व संकुल शैक्षिक समन्वयक मायाराम गुप्ता एवं शाला विकास समिति के सहयोग से समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिदिन बच्चों को विभिन्न क्रियाकलापों/गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता रहा, जिसमे मुख्य रूप से प्रतिदिन प्रात: 7 बजे से 15 मिनट योग अभ्यास, 15 मिनट का बालिकाओं हेतु कराटे एवं आत्मसुरक्षा का अभ्यास, 15 मिनट नैतिक एवं शारीरिक शिक्षा, 30 मिनट कंप्यूटर शिक्षा, 30 मिनट पुस्तकालय वाचन, 15 मिनट सांस्कृतिक कार्यक्रम, 30 मिनट सामूहिक गतिविधियों के साथ साथ प्रतिदिवस अलग-अलग गतिविधि जैसे कविता, कहानी, मेहंदी रचाओ, नृत्य, गायन, वेशभूषा पहनो, ड्राइंग, पेंटिंग, चित्रकला, रंगोली का आयोजन कर बच्चों के समर कैंप को और भी आकर्षक बनाया गया।

**द्वितीय चरण का भी होगा आयोजन**

वर्तमान में समर कैंप का द्वितीय चरण शासन के द्वारा जारी निर्देशानुसार 20 मई से पुन: प्रारंभ किया जायेगा। जिसमें जिले से निर्धारित दिवस अनुसार कार्यक्रम का आयोजन शाला परिसर में किया जायेगा। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल, बीआरसी शैलेंद्र मिश्रा ने संकुल प्राचार्य, सीएसी एवं समस्त स्टाफ छपोरा को सफल आयोजन के लिये बधाई दिए।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा संपन्न



**जिले के 4 केन्द्रों में आयोजित हुई परीक्षा, 1165 परीक्षार्थी हुए शामिल**

रायगढ़

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन आज प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिले के 4 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा में कुल 1165 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ महेश शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय, आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान द्वारा संचालित रायगढ़ जिले में 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार खरसिया, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चोढ़ा वि.ख.खरसिया, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बायसी वि.खं. धरमजयगढ़ एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय धरमजयगढ़ में परीक्षा संपन्न हुई।

## अवैध शराब पर तमनार पुलिस ने अभियान चलाकर की कार्यवाई

**अलग-अलग पांच कार्रवाई में पुलिस ने दो महिला समेत 05 आरोपियों को पकड़ा**

**आरोपियों से 59.5 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपियों पर आबकारी एक्ट की कार्यवाई**

रायगढ़




प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में अवैध शराब पर पूरे तमनार क्षेत्र में अभियान स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर कल तमनार पुलिस द्वारा ग्राम देवगांव, महलोई, बुडिया, झिंकाबहाल, टिहलीरामपुर, पाता, करवाही एवं गोहड़ीड़ीपा का सघन भ्रमण कर सक्रिय किए मुखबीरों से जानकारी लेकर कार्रवाई गया।

पुलिस टीम ने ग्राम टिहलीरामपुर में आरोपी हेतलाल भगत (उम्र 47 साल) निवासी टिहलीरामपुर से बाडी में छिपा कर रखा 20 लीटर अवैध महुआ शराब की जप्ती किया गया। ग्राम देवगांव में आरोपी तरुण कुमार साहू (उम्र 34 साल) निवासी ग्राम देवगांव को अवैध रूप से शराब बेचते पकड़े जिससे 08 लीटर महुआ शराब और बिक्री रकम 150 रुपए बरामद हुआ। अवैध शराब बिक्री की सूचना पर ग्राम पाता में पुलिस टीम ने आरोपिया अनिता भगत को पकड़ा जिससे 3.5 लीटर और ग्राम करवाही में शराब रेड में आरोपिया सीमा सिदार से 03 लीटर अवैध महुआ शराब की जप्ती किया गया है।

इसी कड़ी में आज सुबह तमनार पुलिस टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम गोहड़ीडीपा में आरोपी नत्थूराम यादव (उम्र 58 साल) निवासी गोहड़ीडीपा के कोला बाड़ी में गढ्ढा कर बोरी में छिपाकर रखा हुआ 25 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। पुलिस टीम द्वारा 05 कार्रवाई में 59.5 लीटर अवैध महुआ शराब कीमती रु.11,900 की जप्ती की गई है, आरोपियों पर थाना तमनार में पृथक-पृथक आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के हमराह शराब रेड कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक सुरूतिलाल सिदार, प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे, महिला प्रधान आरक्षक उषा रानी तिर्की, आरक्षक भीष्मदेव सागर, पुरूषोत्तम सिंह सिदार, भानू प्रताप चन्द्रा शामिल थे।

## कलेक्टर गोयल पहुंचे लैलूंगा, तालाब गहरीकरण कार्य का किया निरीक्षण

**शासकीय उद्यान रोपणी कुंजारा का भी किया निरीक्षण**

रायगढ़




कलेक्टर कार्तिकेया गोयल आज विकासखण्ड लैलूंगा के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने पाकरगांव के पंडरीतालाब में चल रहे तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रमिकों से मजदूरी भुगतान के बारे में जानकारी ली, श्रमिकों ने बताया कि नियमित रूप से भुगतान मिल जाता है। कलेक्टर गोयल ने उनसे यहां बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत भी साथ उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल लैलूंगा के शासकीय उद्यान रोपणी कुंजारा भी पहुंचे। जहां वर्तमान में 21 प्रकार की प्रजाति के आम फसल लगे हुए है। साथ ही यहां लीची फसल का भी उत्पादन किया गया है। कलेक्टर गोयल ने पूरे उद्यान परिसर का मुआयना किया और आम फसल की बागवानी को देखकर उद्यान प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने उद्यान में मिस्ट चैंबर एवं हार्डेनिंग चैंबर के मरम्मत हेतु प्राक्कलन तैयार कर जिला पंचायत को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने वहां के स्टाप डेम को भी देखा। उक्त स्टाप डेम के पानी से पूरे उद्यान के पौधों को सिंचित किया जाता है। उन्होंने डेम के माध्यम से पानी की सप्लाई नियमित रूप से करते रहने की बात कही।

# रेलवे ने दी यात्रियों को राहत : 20 ट्रेनों में जोड़े गए अतिरिक्त कोच, यात्रियों को सुगम यात्रा का मिलेगा लाभ

रायपुर। आरएनएस



यात्रियों को आरामदायक और सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने रेलवे लगातार बेहतर प्रयास करता आ रहा है। इसी कड़ी में यात्रियों की मांग और सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की विशेष सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से एलएचबी कोचों के साथ चलने वाली सभी 20 ट्रेनों में आगे और पीछे दोनों तरफ सामान्य श्रेणी के कोच जोड़े गए हैं। इससे सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को ट्रेनों के दोनों साइड सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा। वहीं अधिक से अधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली ट्रेन नंबर 20917/20918 इंदौर-पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई गई है। सुविधा ट्रेन नंबर 20917 इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस में 21 मई को और ट्रेन नंबर 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस में 24 मई को उपलब्ध रहेगी। ट्रेन नंबर 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छतीसगढ़ एक्सप्रेस में दोनों तरफ सामान्य कोच जुड़ेंगे। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 18239/18240 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा शिवनाथ एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 12855/12556 बिलासपुर-सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 20845/20846 बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 20843/20844 बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 22843/22844 बिलासपुर-पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 22815/22816 बिलासपुर-एरणाकुलम-बिलासपुर एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 12849/12850 बिलासपुर-पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 12851/12852 बिलासपुर-चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 12853/12854 दुर्ग-भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 18207/18208 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 20847/20848 दुर्ग-ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 18213/18214 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 12823/12824 दुर्ग-निज़ामुद्दीन-दुर्ग संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 18249/18250 रायपुर-कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 18203/18204 दुर्ग-कानपुर-दुर्ग बेतवा एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर 12549/12550 दुर्ग-ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस में दोनों और सामान्य कोच की सुविधा मिलेगी।

## तड़के हल्की बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत

रायपुर। आरएनएस



राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के अन्य कई जिलों में लोगों को भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच लोगों को राहत मिली है। राजधानी रायपुर समेत आस पास के इलाकों में शनिवार तडक़े से ही हलकी बारिश हो रही है। तडक़े से हो रही बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। छत्तीसगढ़ में अंधड़ और बादलों की आवाजाही के कारण पारा दो से तीन डिग्री तक कम हो गया है। अभी दो दिनों तक प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई वृद्धि नहीं होगी। इसके बाद 2-3 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी मौसम खुशनुमा रहेगा और प्रदेश के कई इलाकों में बदल छाए रहेंगे। अगले दो दिनों के लिए प्रदेश में गरज-चमक के साथ आंधी के साथ बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है।

बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा में अलग-अलग स्थानों पर बिजली और गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। बालोद, बेमेतरा, दुर्ग, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कबीरधाम, कांकेर, खैरगढ़-छुईखदान-गंडई में अलग-अलग स्थानों पर गजर-चमक के साथ आंधी और बारिश आने की संभावना है। मौसम विभाग ने यहां के लिए चेतावनी जारी की है।

## चक्रधरनगर क्षेत्र में छापेमारी कर पुलिस ने 5 सट्टा पट्टी लिखने वालों को पकड़ा

**आरोपियों से 16,630 रुपए नगद, 4 मोबाइल, 3 कैलकुलेटर और लाखों की सट्टा-पट्टी जब्त**

रायगढ़



प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आज शाम थाना चक्रधरनगर एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा सक्रिय मुखबीरों से सूचना प्राप्त कर चक्रधरनगर क्षेत्र में पांच स्थानों पर सट्टा रेट कार्यवाही किया गया। पुलिस टीम ने सट्टा-पट्टी लिखते 05 आरोपी- रवि देवांगन, महेश जायसवाल, दिनेश पटेल, शिव विश्वकर्मा और विजय यादव को पकड़ा है जिससे रु.16,630 रुपए नगद, 04 मोबाइल, 03 कैलकुलेटर, पेन और सट्टा-पट्टी की जप्ती की गई है। आरोपियों पर थाना चक्रधरनगर में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। सट्टा-पट्टी पर अंकुश लगाने आगे भी पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में सट्टा रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू, संजय तिवारी, सुमन चौहान आरक्षक नरेंद्र भारद्वाज, कोमल तिवारी तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, आरक्षक महेश पंडा, पुष्पेंद्र जाटवर, नवीन शुक्ला, और विक्रम सिंह शामिल थे।

## तीन छत्तीसगढ़िया खिलाड़ी आईपीएल में दिखा हैं दम : बन गए हैं टीम इंडियन के दावेदार

रायपुर। आरएनएस



छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, दल्लीराजहरा और भिलाई के भी 3 खिलाड़ी मौजूदा आआईपीएल धूम मचा रहे हैं। इनमें से एक तो अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर टीम इंडिया के दावेदार बन गए हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश के क्रिकेटरों की चर्चा होती है तो केवल एक राजेश चौहान का नाम आता है। चौहान अविभाजित मध्य प्रदेश के दौर में 1993 से 1998 तक भारतीय टीम का हिस्सा रहे। राज्य बनने के बाद से अब तक कोई भी खिलाड़ी भारतीय टीम में स्थान नहीं बना पाया है। लेकिन अब प्रदेश के कुछ युवा सितारे आईपीएल के जरिये भारतीय टीम में जगह बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

**शशांक का बल्ला मचा रहा धूम...** आईपीएल के मौजूदा सीजन में छत्तीसगढ़ के 3 प्लेयर्स अलग-अलग टीमों से खेल रहे हैं। इनमें से 2 पंजाब और एक चिन्नई की टीम से खोल रहे हैं। इनमें हरप्रीत भाटिया, शशांक सिंह और अजय मंडल शामिल हैं। हरप्रीत और शशांक पंजाब के लिए खेलते हैं, जबकि अजय चेन्नई की टीम का हिस्सा हैं। शशांक की बल्लेबाजी की आईपीएल में धूम मची हुई है। विस्फोटक बल्लेबाजी के कारण शशांक को टी-20 वलर्ड कप का दावेदार माना जा रहा था।

**राजनांदगांव : अजय मंडल-** 28 वर्षीय अजय मंडल का परिवार राजनांदगांव में रहता है। अजय चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। अजय ने चार साल की उम्र से ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। अजय 2016 से छत्तीसगढ़ के लिए खोल रहे हैं। ऑलाराउंडर बल्लेबजा अजय को 2023 में सीएसके ने अपनी टीम का हिस्सा बनाया।

**भिलाई : शशांक सिंह-** 32 वर्षीय शशांक का जन्म छत्तीसगढ़ में हुआ था। शशांक के पिता शैलेश सिंह आईपीएस हैं और राज्य बंटवारा के दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश कैडर चुन लिया। शशांक अभी पंजाब किंग्स के लिए खेल रहे हैं। एक साक्षात्कार के दौरान शशांक उन्होंने 8 साल की उम्र में ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। आईपीएस पिता भी चाहते थे कि शशांक क्रिकेट बने इसलिए उन्होंने शशांक को ट्रेनिंग के लिए मुंबई भेज दिया। शशांक 2015 से प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेल रहे हैं। 2015 से 2018 तक उन्होंने मुंबई के लिए खोला। 2018 से 2019 पुडुचेरी का हिस्सा रहे। 2019 से वे अपने जन्म स्थान छत्तीसगढ़ के लिए खेल रहे हैं। आईपीएस में उन्होंने 2017 दिल्ली डेयरडेविल्स के साथ खेलना शुरू किया। 2019 से 2021 तक राजस्थान रॉयल्स और 2022 में सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा रहे। अभी वे पंजाब किंग्स के लिए खोल रहे हैं।

**दल्लीराजहरा : हरप्रीत भाटिया-** दल्लीराजहरा (दुर्ग) में जन्में 32 वर्षीय हरप्रीत का क्रिकेट कैरियर बहुत उतार-चढ़ाव भरा रहा। कुछ गलती के कारण उन्हें लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा। 2008 में उन्होंने विजय हजारे ट्राफी से क्रिकेट प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदापर्ण किया। 2009 में आस्ट्रेलिया के दौरे पर गई भारत की अंडर-19 टीम में वे उप कप्तान थे। 2018 से वे छत्तीसगढ की क्रिकेट टीम से जुड़े। 2010 में वे कोलकाता नाइट राइडर्स, 2011 में पुणे वॉरियर्स इंडिया, 2017 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा रहे। 2023 से वे पंजाब किंग्स के साथ हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480